आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 03.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- पूर्वोत्तर के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में पर्यटन क्षेत्र को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने के उददेश्य से कल मेघालय के शिलांग में पर्यटन मंत्रियों का प्रतिष्ठित सम्मेलन आयोजित किया गया।
- सम्मेलन में भाग लेते हुए द्वीपों के उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपसमूह में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर विस्तार से जानकारी दी।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कल किसानों के जीवन में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए चौदह हजार दो सौ पैंतीस करोड़ रुपये की लागत वाली सात योजनाओं को मंजूरी दी।
- विश्व नारियल दिवस के अवसर पर कल द्वीपों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- एम.वी. कालीघाट कल पोर्ट ब्लेयर से डिगलीपुर के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

पूर्वोत्तर के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में पर्यटन क्षेत्र को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने के उददेश्य से कल मेघालय के शिलांग में पर्यटन मंत्रियों का प्रतिष्ठित सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शोखावत ने की। इस सम्मेलन में केन्द्रीय पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी, द्वीपों के उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी और पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों के विभिन्न पर्यटन मंत्रियों ने भाग लिया। अपने संबोधन में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के पर्यटन क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया है, जिसके परिणामस्वरूप अब पूरे देश में पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा मिली है। विकसित भारत के रोडमैप में पर्यटन क्षेत्र के सतत विकास को शीर्ष स्तर पर रखा गया है। इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीप समूह में स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन द्वारा उठाए गए सक्रिय कदमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, पर्यटन क्षेत्र में संभावित निवेशकों और हितधारकों की सुविधा के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन के पर्यटन विभाग के तहत सभी पर्यटन संबंधी गतिविधियों के लिए एकल खिड़की मंजूरी प्रणाली पूरी तरह कार्यात्मक बना दी गई है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी की अवधि को छोड़कर द्वीपों में पर्यटन गतिविधियां धीरे धीरे जोर पकड़ रही है।

उपराज्यपाल ने यह भी कहा कि एयर एशिया सोलह नवम्बर से पोर्ट ब्लेयर और कुआलालंपुर के बीच अंतर्राष्ट्रीय उड़ान संचालन शुरू करेगी और इस उड़ान के शुरू होने से पर्यटन और समुद्री उत्पादों के निर्यात को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा। उपराज्यपाल ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित करने, वाइपर द्वीप को हेरिटेज पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, पीपीपी मॉडल में इकोटूरिज्म परियोजनाओं की खोज, जल क्रीड़ा गतिविधियों के लिए दिशानिर्देश, बर्ड वॉचिंग के लिए नीतियां तैयार करने, कारवां लक्जरी टेंटेड आवास, हाउस बोट पर्यटन और बेड एंड ब्रेकफास्ट और होम–स्टे योजनाओं पर भी विस्तार से जानकारी दी। एडमिरल डी. के. जोशी ने कहा कि द्वीपों में जल्द ही सी प्लेन का संचालन भी शुरू होगा। बाद में उप राज्यपाल ने मेघालय के मुख्यमंत्री कोनार्ड के. संगमा से भी मुलाकात की।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कल किसानों के जीवन में सुधार और उनकी आय बढ़ाने के लिए चौदह हजार दो सौ पैंतीस करोड़ रुपये की लागत वाली सात योजनाओं को मंजूरी दी है। नई दिल्ली में कल सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने दो हजार आठ सौ सत्रह करोड़ रुपये की लागत वाली डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने खाद्य एवंम पोषण सुरक्षा के लिए तीन हजार नौ सौ उन्यासी करोड़ रुपये के लागत वाली योजना को मंजूरी दी है। यह पहल किसानों को जलवायु परिवर्तन के लिए तैयार करेगी और दो हजार सैंतालिस तक खाद्य सुरक्षा प्रदान करेगी। सरकार ने दो हजार दो सौ इक्यानबे करोड़ रुपये की लागत से कृषि शिक्षा और प्रबंधन को भी मजबूत करने का निर्णय लिया है। इससे कृषि छात्रों और शोधकर्ताओं को वर्तमान चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। मंत्रिमंडल ने एक हजार सात सौ दो करोड रुपये की लागत से पशुधन स्वास्थ्य और उसकी जनसंख्या बढाने की योजना को भी मंजूरी दी। इस निर्णय का उद्देश्य पशुधन और डेयरी से किसानों की आय बढ़ाना है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे अपने द्वीप समूह दौरे के दौरान कल अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिनिधियों, दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त और प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। बाद में उन्होंने राष्ट्रीय स्मारक सेलुलर जेल का भी दौरा किया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में कल विश्व नारियल दिवस मनाया गया। दक्षिण अंडमान क्षेत्रीय कृषि कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में मुख्य अतिथि कृषि सचिव बी एस जगलान ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने किसानों को द्वीपों की अर्थव्यवस्था में नारियल के उत्पादन और उत्पादकता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पी–एम आशा योजना के तहत कोपरा खरीद की प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके अलावा उन्होंने किसानों से एकीकृत नारियल प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने का अनुरोध किया, ताकि किसान उससे मूल्य वर्धित उत्पाद तैयार कर सके। उन्होंने किसानों से जैविक खेती को भी अपनाने को कहा। कृषि निदेशक अभिषेक गुलिया ने नारियल के पोषक तत्व और सांस्कृतिक लाभ की जानकारी दी। इससे पहले उपस्थिति का स्वागत करते हुए कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश कुमार ने इस दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी।

उधर, लिटिल अंडमान के कृषि विभाग में भी विश्व नारियल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के उप–प्रमुख एस. राजा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने किसानों से नारियल की उपयोगिता की जानकारी हासिल कर नारियल आधारित उत्पाद तैयार कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों द्वारा तैयार नारियल आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसी तरह के कार्यक्रम कार निकोबार और कैम्पबेल बे में भी आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान आई सी डी एस परियोजना–ग्रामीण के तहत विभिन्न रिक्त पदों में अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, लेखा सहायक और एम टी एस के पदों के लिए कल और पांच सितम्बर को सुबह दस बजे से यह साक्षात्कार ज़िला उपायुक्त के कक्ष में लिया जाएगा। लिंग विशेषज्ञ के पद के लिए साक्षात्कार को प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है।

उधर, पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद विभिन्न ट्रेडों में एक वर्षीय अप्रेन्टिशिप प्रशिक्षण का आयोजन करेगा। आई टी आई धारक उम्मीदवार पन्द्रह सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारो को प्रतिमाह मानदेय भी दिया जाएगा।

**<><><><><><><>**

कोलकाता स्थित राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद की ओर से विद्यार्थी विज्ञान मंथन का आयोजन किया जाएगा। कक्षा छठीं से ग्यारहवीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की प्रतिभा खोज के लिए यह परीक्षा इस वर्ष तेईस या सत्ताईस अक्तूबर को हिन्दी, अंग्रेजी भाषा सहित बारह प्रमुख क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं में ली जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी डिजिटल उपकरणों का प्रयोग कर सकते हैं। नब्बे मिनट अवधि की इस परीक्षा में विद्यार्थी सुबह दस बजे से छः बजे के बीच अपने स्कूलों या घरों से शामिल हो सकते हैं। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को राज्य स्तर की परीक्षा में शामिल होने और इसके बाद राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। इच्छुक विद्यार्थी पन्द्रह सितम्बर तक दिए गए लिंक पर अपने नाम पंजीकृत करवा सकते हैं। अधिक जानकारीके लिए विज्ञान केन्द्र में फोन पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**

एम.वी. कालीघाट कल रात आठ बजे डिगलीपर के लिए रवाना होगा और पांच सितम्बर को रात्रि आठ बजे डिगलीपुर से पोर्ट ब्लेयर के लिए छूटेगा। आम जनता इस यात्रा के लिए टिकट ई–टिकटिंग पोर्टल और स्टार्स टिकटिंग काउन्टर से आज बुक कर सकते हैं। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

**<><><><><><><>**

मैसूर में सात वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय चेस चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। पांच सितम्बर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में द्वीपसमूह से चार लड़के और तीन लड़कियां भी भाग ले रही है।

उधर, विश्व चेस फेडरेशन की ओर से जारी नए अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग सूची में द्वीपसमूह के सात और शतरंज खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है।

**<><><><><><><>**

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

पूर्वोत्तर के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियो की शिलांग में आयोजित बैठक में देश में पर्यटन को विकसित करने और इसे वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और प्रतिनिधियों की ओर से योजनाओं पर जानकारी दिए जाने के समाचार को द डेलीग्राम्स, द्वीप समाचार और अण्डमान कोनिकल ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। इन अखबारों ने द्वीपों के उप राज्यपाल के भी इसमें शामिल होने के समाचार को सचित्र प्रकाशित किया है। स्कूली विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी विज्ञान मंथन का आयोजन किया जाएगा–इंफो इंडिया की खबर है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाए जाने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने में जगह दी है। मादक विरोधी पुलिस टीम द्वारा एक किलो दो सौ ग्राम से अधिक गांजा जब्त करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>